भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 315
दिनांक 24 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

कर्णाटक में मिशन शक्ति के अंतर्गत ''संबल'' उप-योजना

315. श्री नारायण कोरागप्पा:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में मिशन शक्ति के तहत "संबल" उप-योजना के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटरों (ओएससी) का राज्य-वार और कर्णाटक के लिए जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान तीन सौ ओएससी स्थापित किए जाने हैं;
(ग) अतिरिक्त ओएससी शुरु करने के लिए क्या मानदंड अपनाए जा रहे हैं;
(घ) कर्णाटक में स्थापित किए जाने वाले ओएससी का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) कर्णाटक में आकांक्षी जिलों का ब्यौरा क्या है और क्या ओएससी की स्थापना में आकांक्षी जिलों को कोई प्राथमिकता दी जाती है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) : सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2015 से क्रियान्वित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) योजना अब महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के लिए अम्ब्रेला योजना 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत उप-योजना 'संबल' का एक घटक है। अब तक, सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 816 वन स्टॉप सेंटर स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 785 ओएससी क्रियाशील हैं। कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वीकृत और क्रियाशील वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) **अनुलग्नक-**I में दिए गए हैं। वर्तमान में, कर्नाटक के 30 जिलों के लिए 40 वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 38 वन स्टॉप सेंटर क्रियाशील बताए गए हैं। इनका विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ख) : जी हाँ। मिशन शक्ति दिशा-निर्देशों के अनुसार मंत्रालय 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 300 और वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित करने की परिकल्पना करता है।

(ग) : जिलों में नए वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित करने के मानदंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध की उच्च दर या बड़ा भौगोलिक क्षेत्र होना, अधिमानतः आकांक्षी जिलों में,

शामिल है। इसके अलावा, चूंकि यह योजना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मांग के आधार पर संचालित है, इसलिए उन्हें इन मापदंडों के आधार पर एक जिले में एक से अधिक वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(घ) : कर्नाटक में जिलेवार स्वीकृत और क्रियाशील वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का विवरण **अनुलग्नक-**II में दिया गया है।

(ड.) : नीति आयोग द्वारा कर्नाटक के यादगीर और रायचूर आकांक्षी जिले घोषित किए गए हैं। इन जिलों में क्रमशः वर्ष 2018-19 और 2019-20 से ओएससी क्रियाशील हैं।

*****

अनुलग्नक-I

श्री नारायण कोरागप्पा द्वारा 'कर्नाटक में मिशन शक्ति के अंतर्गत ''संबल'' उप-योजना' के संबंध में दिनांक 24 जुलाई, 2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 315 के भाग(क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित, क्रियाशील वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का विवरण

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**अनुमोदित ओएससी की संख्या**	**क्रियाशील ओएससी की संख्या**
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3	3
2.	आंध्र प्रदेश	26	19
3.	अरुणाचल प्रदेश	25	25
4.	असम	36	36
5.	बिहार	39	38
6.	चंडीगढ़	1	1
7.	छत्तीसगढ़	34	27
8.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव	3	3
9.	दिल्ली	11	11
10.	गोवा	2	2
11.	गुजरात	35	35
12.	हरियाणा	22	22
13.	हिमाचल प्रदेश	13	12
14.	जम्मू व कश्मीर	20	20
15.	झारखंड	24	24
16.	**कर्नाटक**	40	38
17.	केरल	14	14
18.	लद्दाख - यूटी	2	2
19.	लक्षद्वीप	1	1
20.	मध्य प्रदेश	57	57
21.	महाराष्ट्र	42	42
22.	मणिपुर	16	16
23.	मेघालय	12	12
24.	मिजोरम	13	8
25.	नागालैंड	16	11
26.	ओडिशा	30	30
27.	पुद्दुचेरी	4	4
28.	पंजाब	23	23

29.	राजस्थान	37	37
30.	सिक्किम	6	6
31.	तमिलनाडु	48	47
32.	तेलंगाना	36	36
33.	त्रिपुरा	8	8
34.	उत्तर प्रदेश	79	79
35.	उत्तराखंड	14	14
36.	पश्चिम बंगाल	24	22
	कुल	**816**	**785**

अनुलग्नक-II

श्री नारायण कोरागप्पा द्वारा 'कर्नाटक में मिशन शक्ति के अंतर्गत ''संबल'' उप-योजना' के संबंध में दिनांक 24 जुलाई, 2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 315 के भाग(क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

कर्नाटक में जिले-वार अनुमोदित, क्रियाशील वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का विवरण

क्र.सं.	जिला	क्रियाशील
1.	बागलकोटे	हां
2.	बेल्लारी	हां
3.	बेलागवी (बेलगाम)	हां
4.	बैंगलुरु ग्रामीण,	हां
5.	बैंगलुरु शहरी	हां
6.	बीदर	हां
7.	चामराजनगर	हां
8.	चिकबल्लपुर	हां
9.	चिक्कमंगलुरु	हां
10.	चित्रदुर्गा	हां
11.	दक्षिण कन्नड़	हां
12.	दावणगेरे	हां
13.	धारवाड़	हां
14.	गडग	हां
15.	हसन	हां
16.	हवेरी	हां
17.	कालबुर्गी	हां
18.	कोडागु	हां
19.	कोल्लार	हां
20.	कोप्पल	हां
21.	मांड्या	हां
22.	मैसूर	हां
23.	रायचुर	हां
24.	रामनगरा	हां
25.	शिवमोगा	हां
26.	तुमकुर	हां
27.	उडुप्पी	हां
28.	उत्तर कन्नड़	हां
29.	विजयापुरा (बीजापुर)	हां
30.	यादगिर	हां

31.	धारवाड़ (हुबली सिटी) - II	हां
32.	विजयानगरा - II	हां
33.	बैंगलुरु शहरी - II	हां
34.	बैंगलुरु शहरी - III	हां
35.	बैंगलुरु शहरी - IV	हां
36.	बैंगलुरु शहरी - V	हां
37.	शिवमोगा (सागर तालुक) - II	हां
38.	तुमकुर-II	हां
39.	बेलागवी (चिक्कोडी तालुक) -II	नहीं
40.	मैसूर-II	नहीं

*****